Weather Report अधिकतम तापमानः 32.0c, न्यूनतम तापमानः 28.0c , हवा गतिः 13 कि./घं.

दैनिक संजीवनी टुडे

sanjeevnitoday.com

समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्षः 11 अंकः 73 जयपुर, गुरुवार, 15 अगस्त 2024 पृष्ठः8 मूल्यः ₹1.50


**सूचना**

सभी पाठकों को सूचित किया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2024 का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण दैनिक संजीवनी टुडे का अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित किया जायेगा।

### राजस्थान मानसूनः जयपुर में भारी बारिश, सड़क पर तैरने लगीं कारें

# तीन फीट तक भरा पानी, परकोटे में स्कूटी बही, रेलवे ट्रैक पानी में डूबा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। जयपुर में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए। राजधानी जयपुर में बुधवार शाम को करीब 4 घंटे तक हुई भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया। सड़कों पर नदी की तरह पानी बहता नजर आया। कार, बाइक समेत अन्य वाहन तैरते दिखाई दिए। रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पानी में डूब गया। सचिवालय में घुटनों तक पानी भर गया। बजाज नगर, मालवीय नगर, महेश नगर, बास बदनपुरा, मोती डूंगरी रोड समेत जयपुर के कई इलाकों में बरसात से सड़कें लबालब हो गईं। कई इलाकों में तीन फीट तक पानी भर गया। परकोटे में काले हनुमान जी मंदिर के बाहर तेज बारिश से स्कूटी बह गई और मंदिर में भी पानी भर गया। मंदिर प्रशासन ने पानी रोकने के लिए तीन लेयर के बैरिकेड्स लगाए, लेकिन पानी अंदर चला गया। शहर के अलग-अलग इलाकों में तेज बारिश के चलते ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। 22 गोदाम पुलिया के पास करीब 1 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जयपुर-दिल्ली हाईवे पर भी पानी भर गया, जिसके कारण जाम की स्थिति बन गई। परकोटा में तेज बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। जलमहल के सामने लो-फ्लोर बस पानी में बंद हो गई। भारी बारिश के बाद जयपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक पानी में डूब गया। जयपुर में तेज बारिश के बाद परकोटे में स्थित मेहरों की नदी इलाके में सड़क पर नदी बहने लगी।



### भारी बारिश से पानी-पानी हो गया जयपुर

जयपुर में तेज बारिश से शास्त्री नगर, पानीपेच, चांदपोल, दूध मंडी, संजय सर्किल, रेलवे स्टेशन, सिंधी कैंप, हसनपुरा, सी स्कीम, सोडाला, रामनिवास बाग, मानसरोवर और सांगानेर समेत कई इलाकों में सड़कों पर दो फीट तक पानी भर गया। सड़क पर पानी भरने से गाड़ी सवारों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पूरे शहर में जाम की स्थिति बन गई और ट्रैफिक रेंगता रहा। रेलवे स्टेशन, राजपूताना शेरेटन होटल के सामने दोपहिया वाहनों में बारिश का पानी चले जाने से बंद हो गई। रामनिवास बाग एरिया में घुटनों तक पानी भरा नजर आया। सड़क पर भरे पानी में एक गाड़ी बंद हो गई। अंदर बैठे लोग बाहर निकलकर गाड़ी पर बैठ गए। इस दौरान कुछ बच्चे भी गाड़ी पर चढ़ गए। इससे पहले, शहर में सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। जयपुर के बगरू में सुबह तेज बारिश के कारण कई जगह जलभराव हो गया। यहां एक स्कूल बस करीब ढाई फीट पानी में फंस गई।

### सड़कों पर बहने लगा नदी की तरह पानी

भारी बारिश के बाद जयपुर के कई इलाकों में सड़क पर नदी की तरह पानी बहता नजर आया। कई इलाकों में पानी का बहाव इतना तेज था, जैसे पहाड़ी से कोई नदी बहकर आ रही हो। कहीं पर बहाव इतना तेज था कि गाड़ी संभाली नहीं जा रही थी। आज जयपुर समेत चार जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि 23 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के विशेषज्ञों ने बताया- 15 अगस्त के बाद राजस्थान में तेज बारिश का दौर धीमा पड़ेगा। हल्की से मध्यम बारिश अलग-अलग इलाकों में जारी रहेगी। बारिश के बाद गोपालपुरा बाइपास रोड पर 3 फीट तक पानी भर गया। पानी में कारें डूबी नजर आईं। रामगंज इलाके में सड़क पर नदी की तरह पानी बहता नजर आया। मकान के आधे गेट पानी में डूबे दिखे। जयपुर में भारी बारिश के बाद सड़क पर तेज रफ्तार से पानी बहने लगा। इस दौरान एक साइकिल बह गई तो बच्चे उसे खींचकर लाए। बारिश के कारण सड़क पर पानी बहने लगा। इस दौरान जाम की स्थिति बन गई। पानी में कई गाड़ियां बंद हो गई। जयपुर में तेज बारिश हुई तो कुछ लोगों ने अपनी बाइक साइड में खड़ी की और एक तिरपाल के नीचे बैठ गए। जयपुर के परकोटे में चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर के बाहर बारिश की पानी में एक स्कूटी बह गई।

### राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधनः द्रौपदी मुर्मू ने कहा

# आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार, 14 अगस्त को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को 20 मिनट संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आजादी के त्योहार में शामिल होने वाले सभी देशवासी हमारा परिवार हैं। राष्ट्रपति ने कहा, 'आजादी का यह पर्व हमें उन दिनों की याद दिलाता है, जब देश के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। हमारे स्वाधीनता सैनानियों ने हमें नई अभिव्यक्ति प्रदान की। सरदार पटेल, बोस, भगत सिंह, बाबा साहेब अंबेडकर जैसे कई अन्य लोग थे, जिनके बलिदान की सराहना होती रही है।' द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। वे इस सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। 64 साल की मुर्मू ने साल 2022 देश में सबसे कम उम्र में राष्ट्रपति बनने का रिकॉर्ड भी बनाया। सभी देशवासी उत्सव मनाने की तैयारी कर रहे हैं। लहराते तिरंगे को देखना हमारे हृदय को उत्साह से भर देता है। ये महान देश का हिस्सा होने की खुशी को व्यक्त करता है। आज 14 अगस्त को देश विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहा है। लाखों लोगों को पलायन करना पड़ा और कई लोगों को जान गंवानी पड़ी। हम उन परिवारों के



साथ खड़े होते हैं, जिन्होंने अपने खो दिए। इस साल हमारे देश में आम चुनाव हुए। 90 करोड़ लोगों ने वोट डाला। मैं उन चुनावकर्मियों का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने मतदान के लिए भारी गर्मी में काम किया। भारत 8 प्रतिशत विकास दर से आगे बढ़ने वाला देश है। पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। ये इस बात को बताता है कि हम ये सुनिश्चित कर रहे हैं कि गरीबी से निकले लोग फिर से गरीबी में न जाएं। हाल के वर्षों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को काफी बढ़ावा मिला है। सरकार ने सेमी कंडक्टर जैसी चीजों को बढ़ावा देने के लिए कई काम किए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। तेज गति से हो रही प्रगति के चलते भारत का कद ऊंचा हुआ है।


### विनेश फोगाट को सिल्वर मेडल नहीं मिलेगा

# कोर्ट ने अपील खारिज की, 100 ग्राम ओवरवेट होने से फाइनल नहीं खेल पाई थीं

■ संजीवनी टुडे

विनेश को सिल्वर मेडल नहीं मिलेगाः कोर्ट ने अपील खारिज की, 100 ग्राम ओवरवेट होने से फाइनल नहीं खेल पाई थीं

नई दिल्ली। विनेश फोगाट को पेरिस ओलिंपिक में सिल्वर मेडल नहीं मिलेगा। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ने बुधवार, 14 अगस्त को उनकी अपील खारिज कर दी। फोगाट को फाइनल से पहले ओवरवेट होने की वजह से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने एइट्ट में अपील की थी। अपील पर फैसला 16 अगस्त को होना था, लेकिन 14 अगस्त को ही उनकी अपील खारिज कर दी गई। फैसले के बाद भारतीय ओलिंपिक कमेटी की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने नाराजगी जताई। विनेश ने रेसलिंग के 50 किग्रा विमेंस कैटेगरी में लगातार 3 मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई थी। 8 अगस्त को फाइनल होना था, लेकिन मैच से पहले ओलिंपिक कमेटी ने विनेश का वजन 50 किलो से 100 ग्राम ज्यादा होने के कारण रेसलर को डिसक्वालिफाई कर दिया था। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने सीएएस के नतीजे पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के फैसले से उन्हें झटका लगा है। 100 ग्राम वजन बहुत कम है। यह एथलीट के वजन का 0.1% से 0.2% से भी ज्यादा नहीं है। वजन गर्मी के मौसम में इंसान के शरीर के फूलने से भी आसानी से बढ़ सकता है। इस दौरान एनर्जी को मेंटेन करने के लिए भी उन्हें खाना पड़ा। ऐसे में उनका वजन 52.7 किलो पहुंच चुका था। खेल गांव और ओलिंपिक गेम्स के एरीना के बीच की दूरी और पहले दिन लगातार मुकाबलों के कारण विनेश को वजन घटाने का पर्याप्त टाइम ऊी नहीं मिला। पीटी उषा- वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा- 'वजन का मैनेजमेंट करना खिलाड़ी और कोच की जिम्मेदारी है।



### विनेश के सिल्वर मेडल पर 13 अगस्त को टला था फैसला

विनेश की अपील के बाद सीएएस ने 9 अगस्त को 3 घंटे तक सुनवाई की। विनेश भी इस दौरान वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलिंपिक संघ की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा। फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 द्मद्ब वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की थी।

# असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज की एडवाइजरी रद्द

■ संजीवनी टुडे

### कोलकाता रेप केस के बाद डॉक्टर्स को रात में ना घूमने की सलाह दी गई थी

नई दिल्ली। असम के सिलचर मेडिकल कॉलेज ने अपनी उस एडवाइजरी को वापस लिया है। जिसमें महिला डॉक्टरों, स्टुडेंट्स और सभी स्वास्थ्यकर्मियों को खराब रोशनी और कम आबादी वाले एरिया में न जाने की सलाह दी गई थी। ये एडवाइजरी कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर की घटना के मद्देनजर जारी की गयी थी। सिलचर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने बुधवार (14 अगस्त) को नई एडवाइजरी जारी करते हुए 13 अगस्त की एडवाइजरी को तुरंत प्रभाव से रद्द करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा गया है कि सुरक्षा कारणों से जुड़ी नई एडवाइजरी जल्द ही जारी की जाएगी। मेडिकल कॉलेज की तरफ से 12 अगस्त को एडवाइजरी जारी की गई थी। कॉलेज प्रशासन के मुताबिक ये गाइडलाइंस महिला डॉक्टरों, स्टुडेंट्स और स्वास्थकर्मियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए लागू किए गए थे। महिला डॉक्टर, स्टुडेंट्स और स्टाफ को जहां तक संभव हो अकेले रहने से बचना चाहिए। जब तक आवश्यक न हो रात हॉस्टल या आवास या कॉलेज परिसर से बाहर न निकलें। यदि जरूरी हो तो संबंधित अधिकारी को पूर्व सूचना दें।

# अतीक के बेटे का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

■ संजीवनी टुडे

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर मोहम्मद गुलाम का एनकाउंटर करने वाले 17 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति पदक मिलेगा। 15 अगस्त को दिल्ली में सभी को सम्मानित किया जाएगा। उमेश पाल हत्याकांड के बाद असद और गुलाम फरार हो गए थे। दोनों पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। 13 अप्रैल, 2023 को झांसी में असद और मोहम्मद गुलाम का एनकाउंटर किया गया। इस ऑपरेशन में एसटीएफ के 6 और पुलिस के 11 जवान शामिल थे। 24 फरवरी 2023 को प्रयागराज में राजूपाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई। हत्याकांड को बीच बाजार अंजाम दिया गया।









### गैंगरेप के बाद हत्या, ब्रेस्ट काटे, प्राइवेट पार्ट पर चाकू मारा

# मुजफ्फरपुर में मां-पिता के सामने छात्रा को उठाया, कहा- तुम्हारी बेटी के साथ रेप करेंगे

■ संजीवनी टुडे

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर में 9वीं क्लास की छात्रा की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। आरोपियों ने उसके ब्रेस्ट काट दिए। प्राइवेट पार्ट पर भी चाकू से हमला किया। सोमवार को उसका शव अर्धनग्न हालत में पोखर में मिला। उसके मुंह पर कपड़ा बंधा था। अगल-बगल मांस के चिथड़े और खून के धब्बे पड़े थे। पीड़ित छात्रा के परिवार का कहना है कि रविवार की रात 5 लोग घर से बेटी को उठाकर ले गए। उन्होंने कहा कि तुम्हारी बेटी के साथ रेप करेंगे। छात्रा की मां ने थाने में लिखित शिकायत की है। प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जिसमें गांव के ही संजय राय (41) समेत पांच अज्ञात को आरोपी बनाया है। कुछ दिन पहले संजय राय ने धमकी दी थी कि अपनी बेटी से शादी करवा दो नहीं तो जान से मार देंगे। परिवार वालों का यह कहना है कि संजय राय छोटी बेटी से शादी करना चाहता था। उसने जमीन देने का लालच भी दिया था, लेकिन हम लोगों ने बेटी की शादी कराने से मना कर दिया था। किशोरी छह भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। एक सरकारी स्कूल में नौवीं कक्षा में नामांकन कराया था, लेकिन आर्थिक तंगी के कारण उसने पढ़ाई छोड़ दी थी।

### पति और बेटा दरवाजे पर सोए थे



एफआईआर में मां ने बताया कि रविवार की रात मेरे पति और बेटा घर के बाहर सोए थे। घर के अंदर मैं, छोटी बेटी और मेरी एक विधवा बेटी सोई थी। तभी देर रात तीन बाइक से संजय राय अपने साथियों के साथ आया। पति और बेटे को गाली दी और दरवाजा खोलकर घर में घुस गया। संजय राय मेरी छोटी बेटी को जबरन उठा कर चला गया। जाते-जाते उसने कहा कि हम लोग तुम्हारी बेटी के साथ रेप करेंगे। सोमवार सुबह पोखर से एक लाश की सूचना पर हम लोगों ने जाकर देखा तो नग्न अवस्था में मेरी बेटी की लाश पानी में पड़ी थी। खोजी कुत्ते को भी मौके पर लाया गया। वो घटनास्थल से आरोपी संजय राय के घर के पास जाकर रुक गया। इस घटना के बाद आरोपी और उसके घर वाले फरार हैं। ट्ठक्रस्न कुमार चंदन ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ और सरकार के खिलाफ नारेजाबी की और कहा कि अगर 24 घंटे के अंदर पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करती है तो हम थाने का घेराव और नेशनल हाईवे जाम करेंगे। गांव के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी होने के बाद दाह संस्कार करने पर अड़े थे, लेकिन प्रशासन के समझाने पर छात्रा का अंतिम संस्कार किया गया।





